शनि ग्रह से संबंधित उपचार और दान आदि

शनि ग्रह को शांत, प्रसन्न और बलशाली बनाकर, शनि ग्रह के अशुभ प्रभावों को कम या न के बराबर करने और शुभ प्रभावों को बढ़ाकर और शीघ्र प्राप्त करने के लिए शनि ग्रह के लिये निम्नलिखित सरल, प्रभावशाली और पर्यावरणहितैषी उपचार और दान आदि का अपनी क्षमता और सामर्थ्यानुसार प्रयोग में लाएं जैसे प्रत्येक माह के किसी शुभ मुहूर्त पर पीपल का पौधा या कोई फलदार पौधा लगाएं। शनिवार के दिन व्रत रखें, काले रंग की गाय पालें या उसकी सेवा करें। वृद्धों और मजदूरों की मदद या सेवा करें और उन्हें प्रसन्न रखें। शनि ग्रह की वैदिक रीति से पूजा करें या करवाएं। नीलम धारण करें, बीज मंत्र का जप करें, वैदिक मंत्र का जप करवाएं, भगवान शिव की पूजा करें, महामृत्युंजय का जप करें, अमावस्या को व्रत करें, खट्टे पदार्थ दान करना, काली वस्तुओं का दान शनिवार के दिन करना चाहिए जैसे कोयला, उड़द की दाल, लोहा या लोहे से बनी वस्तुएं, काले वस्त्र, कम्बल, तेल, नारियल, मिठाई, फल और घृत आदि। यदि सम्भव हो सके तो लोबान, खस, शतकुसुम, धमनी, कस्तूरी और खिल्ला आदि के जल से स्नान भी करना चाहिए।